UPSC CSE Prelims Syllabus

प्रारभिक परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार (Objective Type) की होती है और मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों की पात्रता सुनिश्चित करती है, हालाँकि इसके अंक अतिम मेरिट लिस्ट में नहीं जुड़ते, पर इसे पास किये बिना अगले चरण (अर्थात मुख्य परीक्षा) में पहुँचना असंभव है। इसलिए इसकी तैयारी के लिए सही रणनीति, पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों के विश्लेषण के आधार पर बनानी चाहिए।

प्रारंभिक परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होते हैं, दोनों ही वस्तुनिष्ठ प्रकार (Objective Type) के होते हैं।

सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र- I (General Studies Paper-I) (प्रारंभिक परीक्षा की कटऑफ इसी के आधार पर बनती है)।

सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र- II (General Studies Paper-II, CSAT) (यह केवल क्वालीफाइंग / अर्हता प्रकृति का होता है, अर्थात इसमें न्यूनतम अंक लाने होते हैं)

1. सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र I (General Studies Paper-I)

अधिकतम प्रश्न-100

अधिकतम अंक-200

परीक्षा अवधिः दो घंटे

इस प्रश्नपत्र में पूछे गए प्रश्नों का उद्देश्य उम्मीदवार की सामान्य जागरुकता, विषयों की समझ और तर्क शक्ति का परीक्षण करना है। इस प्रश्नपत्र में प्रश्न निम्न विषयों से पूछे जाते हैं।

- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की सामयिक घटनाएँ
- भारत का इतिहास और भारतीय राष्ट्रीय आदोलन
- भारत एवं विश्व का भूगोल: भारत एवं विश्व का प्राकृतिक, सामाजिक, आर्थिक भूगोल
- भारतीय राज्यतंत्र और शासन: संविधान, राजनीतिक प्रणाली, पंचायती राज, लोकनीति, अधिकारों से संबंधित मुद्दे इत्यादि
- आर्थिक और सामाजिक विकास: सतत् विकास, गरीबी, समावेशन, जनसाख्यिकी, सामाजिक क्षेत्र में की गई पहल आदि
- पर्यावरणीय पारिस्थितिकी, जैव-विविधता और जलवायु परिवर्तन संबंधी सामान्य मुद्दे, जिनके लिये विषयगत विशेषज्ञता आवश्यक नहीं है
- सामान्य विज्ञान

UPSC CSE Prelims Syllabus

2. सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र II (General Studies Paper-II, CSAT)

अधिकतम प्रश्न-80

अधिकतम अंक-200

परीक्षा अवधि: दो घंटे

अर्हता अक (Qualifying Marks): 66.66 (33 प्रतिशत)

इस प्रश्नपत्र में केवल न्यूनतम अर्हता अंक (Qualifying Marks) प्राप्त करना आवश्यक है। यदि अभ्यर्थी द्वारा ये न्यूनतम अंक प्राप्त न हुए, तो आप असफल माने जायेंगे, भले ही अभ्यर्थी ने सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र में अधिकतम अंक प्राप्त किए हों। इस प्रश्नपत्र में प्रश्न निम्न विषयों से पूछे जाते हैं:

- बोधगम्यता
- संचार कौशल सहित अंतर वैयक्तिक कौशल
- तार्किक कौशल एवं विश्लेषणात्मक क्षमता
- निर्णय लेना और समस्या समाधान
- सामान्य मानसिक योग्यता
- आधारभूत संख्ययन (संख्याएँ और उनके संबंध, विस्तार क्रम आदि), आंकड़ों का निर्वचन (चार्ट, ग्राफ, तालिका, आँकड़ों की पर्याप्तता आदि-[यपीएससी ने इसके लिए 10वीं कक्षा के स्तर की समझ को अपने नोटिफिकेशन में लिखा है।]